# महिलाओं ने किया राष्ट्रपति भवन का भ्रमण



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति भवन का भ्रमण करतीं ईएसआइसी उप क्षेत्रीय कार्यालय की महिला अधिकारी व कर्मचारी • सौ.विभाग

जासं, गुरुग्राम : अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर ईएसआइसी उप क्षेत्रीय कार्यालय की महिला अधिकारियों व कर्मचारियों ने जनसंपर्क सहायक निदेशक डा . स्वीटी यादव के नेतृत्व में राष्ट्रपति भवन का भ्रमण किया। साथ ही गणतंत्र मंडप, अशोक मंडप, अमृत उद्यान, जयपुर स्तंभ, दरबार हाल, अशोका हाल आदि व राष्ट्रपति भवन संग्रहालय और परिसर में चल रहे नृत्य कार्निवल का भी आनंद लिया गया। इसके अलावा महिलाओं ने मध्य प्रदेश भवन का भ्रमण कर संस्कृति को जाना।

NAVODAYA TIMES
नवोदय टाइम्स

# महिला दिवस : ईएसआईसी कार्यालय की महिला अधिकारियों ने राष्ट्रपति भवन का किया दौरा

## महिलाएं नारी शक्ति का प्रतीक महामहिम द्रौपदी मुर्मू के योगदान से हुईं प्रेरित

■ **भ्रमण के दौरान गणतंत्र मंडप, अमृत उद्यान, और राष्ट्रपति भवन संग्रहालय जैसी महत्वपूर्ण जगहों का अवलोकन किया गया**

गुड़गांव, 8 मार्च (ब्यूरो): अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस-2025 के अवसर पर उप क्षेत्रीय कार्यालय गुरुग्राम की महिला अधिकारियों/ कर्मचारियों ने डॉ स्वीटी यादव, सहायक निदेशक(जन संपर्क) के नेतृत्व में राष्ट्रपति भवन का भ्रमण किया। यह भ्रमण अनेक दृष्टियों से महत्वपूर्ण रहा।

देश के सर्वोच्च पद पर महामहिम द्रौपदी मुर्मू का आसीन होना अपने आप में महिला दिवस के अर्थ व व्यापकता को हमारे सामने रखता है। महामहिम लैंगिक भेदभाव से परे सामान व सशक्त समाज की वह सुदृढ़ नींव हैं।




*राष्ट्रपति भवन का भ्रमण करती ईएसआईसी का महिला स्टाफ।*

जिस पर देश की समस्त महिलाएं अपने सपनों को साकार करने का हौसला पाती हैं। हमारे देश की वर्तमान राष्ट्रपति महामहिम द्रौपदी मुर्मू नारी शक्ति का प्रतिनिधित्व करती हैं। महिला दिवस के अवसर पर नारी शक्ति के केंद्र को देखना, अनुभव करना अपने आप में सुखद व प्रेरणादायी है। समान अधिकार, समान अवसर व समान शक्ति के प्रतीक इस दिवस को राष्ट्रपति भवन में सेलिब्रेट करना अपने आप में बहुत सुखद है।

विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के राष्ट्रपति का आवास राष्ट्रपति भवन हमारे देश की लोकतांत्रिक परंपराओं व पंथनिरपेक्ष स्वरुप का प्रतीक है। इस भ्रमण में राष्ट्रपति भवन, गणतंत्र मंडप, अशोक मंडप, अमृत उद्यान , जयपुर स्तम्भ, दरबार हाल, अशोका हाल आदि के साथ ही राष्ट्रपति भवन परिसर में स्थित राष्ट्रपति भवन संग्रहालय व परिसर में चल रहे नृत्य कार्निवल का भी आनंद लिया गया। राष्ट्रपति भवन को इतने नजदीक व विस्तार से देखने का सभी महिलाओं का यह प्रथम अनुभव था।

# ईएसआईसी उप क्षेत्रीय कार्यालय की महिलाओं ने किया राष्ट्रपति भवन का भ्रमण

कुमार प्रवेश, गुड़गांव टुडे



**मानेसर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस-2025 के उपलक्ष्य में उप क्षेत्रीय कार्यालय गुरुग्राम की महिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सहायक निदेशक जन संपर्क डॉ स्वीटी यादव के नेतृत्व में शनिवार को राष्ट्रपति भवन का भ्रमण किया। यह भ्रमण अनेक दृष्टियों से महत्वपूर्ण रहा। देश के सर्वोच्च पद पर महामहिम द्रौपदी मुर्मू का आसीन होना अपने आप में महिला दिवस के अर्थ और व्यापकता को हमारे सामने रखता है। राष्ट्रपति लैंगिक भेदभाव से परे सामान और सशक्त समाज की वह सुदृढ़ नींव हैं जिस पर देश की समस्त महिलाएं अपने सपनों को साकार करने का हौसला पाती हैं। हमारे देश की वर्तमान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नारी शक्ति का प्रतिनिधित्व करती हैं। महिला दिवस के अवसर पर नारी शक्ति के केंद्र को देखना, अनुभव करना अपने आप में सुखद और प्रेरणादायी है। समान अधिकार, समान अवसर और समान शक्ति के प्रतीक इस दिवस को राष्ट्रपति भवन में सेलिब्रेट करना अपने आप में बहुत सुखद है। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के राष्ट्रपति का आवास राष्ट्रपति भवन हमारे देश की लोकतांत्रिक परंपराओं और पंथनिरपेक्ष स्वरुप का प्रतीक है। इस भ्रमण में राष्ट्रपति भवन, गणतंत्र मंडप, अशोक मंडप, अमृत उद्यान, जयपुर स्तम्भ, दरबार हाल, अशोका हाल आदि के साथ ही राष्ट्रपति भवन परिसर में स्थित राष्ट्रपति भवन संग्रहालय और परिसर में चल रहे नृत्य कार्निवल का भी आनंद लिया गया। राष्ट्रपति भवन को इतने नजदीक और विस्तार से देखने का सभी महिलाओं का यह प्रथम अनुभव था। राष्ट्रपति भवन के साथ ही सभी महिलाओं ने मध्य प्रदेश भवन का भी भ्रमण किया। जीसस मेरी मार्ग पर स्थित इस नए मध्य प्रदेश भवन के भ्रमण के माध्यम से मध्य प्रदेश की संस्कृति को जानना अपने आप में ज्ञानवर्धक रहा।